भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2712

(16 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

राजमिस्त्री प्रशिक्षण शिविरों में बढ़ोतरी

2712. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कच्चे घरों में रहने वाले जनजातीय लोगों को पक्के घर देने के लिए दाहोद लोक सभा क्षेत्र में राजमिस्त्री प्रशिक्षण शिविरों की संख्या बढ़ाई गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर और बी.एन. कॉलेज, दाहोद से कोई तकनीकी सहायता ली गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी)

(क) ग्रामीण विकास मंत्रालय ने गुणवत्तापूर्ण पीएमएवाई-जी मकानों के निर्माण के लिए कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) कार्यक्रम शुरू किया है। यह पहल विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण बुनियादी अवसंरचना के निर्माण के लिए एक कुशल कार्यबल की उपलब्धता की दिशा में भी योगदान देती है और ग्रामीण कार्यबल के लिए आजीविका के अवसरों की सुविधा भी प्रदान करती है। पीएमएवाई-जी के तहत आरएमटी कार्यक्रम को पर्याप्त संख्या में राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से शुरू किया गया है। दिनांक 11.12.2025 तक, पीएमएवाई-जी के

ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 3,81,986 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया है, जिनमें से 3,08,330 को प्रमाणित किया गया है, और इसके परिणामस्वरूप राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने पीएमएवाई-जी के तहत निर्माण की बेहतर समयबद्धता और गुणवत्ता की सूचना दी है।

दिनांक 11.12.2025 तक, गुजरात राज्य में आरएमटी के तहत 7,363 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है। आरंभ से गुजरात में आरएमटी का जिला-वार विवरण अनुबंध के में संलग्न है।

जैसा कि गुजरात सरकार द्वारा सूचित किया गया है, पीएमएवाई-जी के दिशानिर्देशों में निहित प्रावधानों के अनुसार राज्य में आरएमटी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आरएमटी के लिए लक्ष्य, मंत्रालय द्वारा राज्य को आवंटित किए जाते हैं, और उसके बाद राज्य सरकार द्वारा जिलेवार लक्ष्य सौंपे जाते हैं। इन आवंटित लक्ष्यों के अनुसार, कच्चे मकानों में रहने वाले आदिवासी लाभार्थियों को पक्के मकान देने के लिए दाहोद जिले में आरएमटी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

(ख) जी नहीं।

अनुबंध

"राजमिस्त्री प्रशिक्षण शिविरों में वृद्धि" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 16.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2712 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

गुजरात राज्य में पीएमएवाई-जी की शुरुआत के बाद से ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण का जिलेवार विवरण

क्र.सं.	**जिला**	**नामांकित उम्मीदवारों की संख्या**	**प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या**
1	अहमदाबाद	72	60
2	अमरेली	120	110
3	आनंद	240	217
4	अरवल्ली	320	291
5	बनासकांठा	485	382
6	भरूच	100	86
7	भावनगर	50	47
8	बोटाद	49	45
9	छोटाउदेपुर	210	197
10	**दाहोद**	1,450	1,330
11	गांधीनगर	180	165
12	गिर-सोमनाथ	50	45
13	जामनगर	138	105
14	जूनागढ़	110	91
15	खेड़ा	420	380
16	कच्छ	74	59
17	महिसागर	90	84
18	मेहसाणा	120	108
19	नर्मदा	135	119
20	नवसारी	399	340

21	नवसारी	31	30
22	पंचमहल	1,800	1,646
23	पंचमहल गोधरा	55	53
24	पाटन	270	249
25	राजकोट	30	25
26	राजकोट-मोरबी	75	64
27	साबर कांठा	740	657
28	सूरत	90	80
29	सुरेंद्रनगर	135	118
30	तापी	30	19
31	वडोदरा	91	77
32	वलसाड	100	84
	कुल योग	8,259	7,363

*****